आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू। प्रमुख कर और बैंकिंग सुधार भी आज से लागू होंगे।
2. वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए उन्नयन सुविधाओं का उद्घाटन ।
3. ओडिशा के स्थापना दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा –ओडिशा भारत की कालातीत भावना का प्रतीक है।
4. पर्यटन निदेशालय 9 अप्रैल से बटलर बे बीच, में पहला सर्फिंग फेस्टिवल आयोजित करने जा रहा है।

<><><><><><><>

जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू हो रहा है। ये विश्व की सबसे बड़ी जनगणना होगी। पहली बार डिजिटल रूप से आयोजित इस जनगणना में स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। स्व–गणना आज से 15 अप्रैल तक चलेगी। द्वीप समूह, के अलावा अन्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 16 अप्रैल से 15 मई तक गृह सूचीकरण और आवास जनगणना आयोजित की जाएगी। स्व–गणना एक सुरक्षित वेब–आधारित सुविधा है, जिसके माध्यम से घर–घर सर्वेक्षण से पहले 16 भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती हैं।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में जनगणना 2027 के प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के पहले बैच के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कल उद्घाटन किया गया। इस दौरान नियुक्त क्षेत्रीय प्रशिक्षकों द्वारा 48 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के पहले बैच को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शेष प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण 6 से 8 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

नए वित्तीय वर्ष के आज से शुरु होने के साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार लागू हो जाएंगे। छह दशक से भी अधिक पुराना आयकर अधिनियम 1961 आज से नए आयकर अधिनियम, 2025 द्वारा प्रतिस्थापित हो जाएगा। इसे पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करके और करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के

लिए टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन–दो–कारक प्रमाणीकरण के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्ट टैक वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी आज से लागू हो जाएगा।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुफ्त वाई–फाई और उन्नत यात्री सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री, किंजरापु राममोहन नायडू ने हाल ही में देश के 57 हवाई अड्डों पर मुफ्त वाई–फाई सेवाओं सहित उन्नत यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया। यात्री सुविधाओं के उन्नयन के राष्ट्रव्यापी अभियान के हिस्से के रूप में, कई हवाई अड्डों पर एक साथ मुफ्त हाई–स्पीड वाई–फाई सेवा के साथ–साथ उड़ान यात्री कैफे, डिजी यात्रा सुविधा, अवसर आउटलेट, फ्लाईब्रेरी और किड ज़ोन जैसी कई अन्य सुविधाएं शुरू की गईं। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कर्मचारियों और प्रमुख हितधारकों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से उद्घाटन समारोह में भाग लिया। हाई–स्पीड वाई–फाई सेवा को यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नागर विमानन मंत्रालय के नेतृत्व में किए गए इन सुधारों का उद्देश्य हवाई अड्डों पर आधुनिक यात्री सेवाएँ प्रदान करना है, जिसमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विशेष जोर दिया गया है। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री अपने उपकरणों पर आधिकारिक नेटवर्क "AAI Free Wi&Fi" का चयन कर इस मुफ्त वाई–फाई सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

साधना सप्ताह का आयोजन नई दिल्ली में कल से 8 अप्रैल तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधीन क्षमता निर्माण आयोग द्वारा किया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाला यह कार्यक्रम आयोग के स्थापना दिवस और मिशन कर्मयोगी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहा है। इस पहल में 100 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और विभाग, 30 से अधिक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा 250 से अधिक सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान भाग लेंगे।

<><><><><><><>

ओडिशा के स्थापना दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ओडिशा भारत की कालातीत भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, ओडिशा ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण रखते हुए विकास की दिशा में उल्लेखनीय

प्रगति की है। ओडिशा के लोग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और 'विकसित भारत' के विजन के साथ राष्ट्र की प्रगति को गति दे रहे हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से लिटिल अंडमान द्वीप के लिए एक परिचय दौरे का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य इस द्वीप को एक उभरते पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना था। इसमें विभाग के प्रतिष्ठित और पंजीकृत ट्रैवल एजेंट, मीडिया इन्फ्लुएंसर, हट बे के हितधारक और पर्यटन विभाग व दूरदर्शन के अधिकारी शामिल थे। दौरे के दौरान बटलर बे समुद्र तट, वाइट सर्फ वॉटरफॉल, नेताजी नगर बीच और अन्य ईको–टूरिज्म स्थल का दौरा कराया गया। पर्यटन निदेशालय अब सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 9 से 12 अप्रैल, तक बटलर बे बीच, में पहला सर्फिंग फेस्टिवल आयोजित करने जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीप को एक प्रमुख सर्फिंग गंतव्य के रूप में स्थापित करना और देशभर के साहसिक खेल प्रेमियों को आकर्षित करना है।

<><><><><><><>

भारतीय सेना में होने वाली भर्ती की तिथि को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार www.joinindianarmy.nic.in पर पंजीकरण कर सकते हैं। निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदकों से पंजीकरण करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों को सही ढंग से अपलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

चाथम स्थित सरकारी आरा मिल में वार्षिक भौतिक सत्यापन और वार्षिक रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इसे देखते हुए चीरी हुई लकड़ी की बिक्री आज से 15 अप्रैल तक बंद रहेगी।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी आज शाम साढ़े चार बजे भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेगी। इस में पार्टी के वरिष्ठ नेता विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, चेन्नई में स्नातक पाठ्यक्रमों में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 7 सीटों पर प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करने जा रही है। यह परीक्षा 6 मई को सुबह दस बजे से डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होगी।

उम्मीदवार की आयु 17 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन प्रपत्र आज से 20 अप्रैल तक डीब्रेट के समुद्री विभाग में उपलब्ध रहेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 20 अप्रैल शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते है। प्रवेश पत्र 22 से 27 अप्रैल तक शाम चार बजे जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के ग्राम पंचायत केरलपुरम की प्रधान, अनीता मंडल को सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत 'सर्वश्रेष्ठ बीकन लीडर 2026' के रूप में मान्यता दी गई है। उन्हें यह सम्मान पंचायती राज प्रणाली में सक्रिय भागीदारी, उल्लेखनीय नेतृत्व और समर्पित सेवा को देखते हुए प्रदान किया गया है। सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का उद्देश्य निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ाना, स्थानीय शासन में नवाचार को प्रोत्साहित करना और ग्राम स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपसमूह में ऑफशोर एक्वाकल्चर का विस्तार करने के लिए अंडमान ओपन–सी मछली पालन प्रोजेक्ट के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष द्वारा मुख्यभूमि के लिए साप्ताहिक जहाज सेवा की मांग करने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने सेल्यूलर जेल में आयोजित राष्ट्रगान वंदे मातरम का सामूहिक गायन के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने लिटिल अंडमान में आयोजित होने वाले सर्फिंग उत्सव के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>